हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



एटक के 75 सदस्य सामूहिक इस्तीफा देकर एचएमएस में शामिल

2




## खबर संक्षेप

### मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम 25 को

**सक्ती।** मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम 25 फरवरी को सामुदायिक भवन सक्ती में होने जा रहा है कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सामुदायिक भवन सक्ती में रखा गया है सम्मेलन में मुख्य अतिथि कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता द्रौपती कीर्तन चंद्रा अध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती के द्वारा किया जाएगा। समस्त ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति विकासखंड सक्ती ने आम जनमानस जानता से अपील की है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की सफलता में हाथ बढ़ाएं कार्यक्रम की जानकारी मितानिन स्वस्थ पंचायत समन्वयक रजनी राठौर के द्वारा दिया गया।

### यादव की लव स्टोरी फिल्म के विरोध में पीएम के नाम ज्ञापन सौंपेंगे 26 को

**जांजगीर-चांपा।** उत्तर प्रदेश की एक फिल्म कंपनी द्वारा बनाई जा रही यादव की लव स्टोरी नामक विवादास्पद फिल्म के खिलाफ पूरे देश में विरोध तेज हो गया है। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा और यादव समाज के संगठन 26 फरवरी 2026 को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे और फिल्म को बैन करने की मांग करेंगे। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष गिरधारी यादव ने बताया कि आगामी 26 फरवरी को प्रातः 11 बजे महासभा और समाज के सभी संगठन प्रतिनिधि जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। अखिल भारतवर्षीय यादव समाज के जिला अध्यक्ष गिरधारी यादव ने कहा कि यह फिल्म यादव समाज के खिलाफ जातिगत अपमान फैलाने वाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म बनाने वालों ने अपने जाति या वर्ग के नाम पर फिल्म बनाने की बजाय सीधे यादव जाति को टारगेट किया है। उन्होंने इसे समाज के प्रति षड्यंत्र बताया और कहा कि यादव समाज इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### दलहन-तिलहन खरीदी के लिए फसलों का पंजीयन 28 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 में दलहन एवं तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन की तिथि 28 फरवरी तक निर्धारित की गई है। चना एवं मसूर की उपार्जन अवधि 1 मार्च से 30 मई तक तथा सरसों की 15 फरवरी से 15 मई तक निर्धारित की गई है।

### दिशा समिति की बैठक आज विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

**सक्ती।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में मंगलवार 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### विजय प्रबंधन गुरू मेहता का सक्ती आगमन कल

**सक्ती।** जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजय शंकर मेहता का आगमन बुधवार 25 फरवरी को सक्ती में होगा। जानकारी के अनुसार मंगलवार 24 फरवरी को इंदौर से शाम 6 बजे रायपुर एयरपोर्ट आएंगे। रायपुर एयरपोर्ट से सक्ती बाय रोड जाएंगे 2 रात सक्ती में रुकेंगे। बताया जाता है कि उनका आगमन ज्ञानी शंकरलाल अग्रवाल शंकर नगर सक्ती में होगा। वापसी 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे सक्ती से रायपुर बाय रोड जाएंगे। रायपुर में नीरू तयाल के यहां 1 बजे पहुंचे, जहां से 2 बजे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। इस दौरान सक्ती में जीवन प्रबंधन गुरू शंकर मेहता द्वारा जीवन प्रबंधन से जुड़ी आध्यात्मिक प्रवचन की प्रस्तुति दी जाएगी।


### सिटी स्कैन, एक्स-रे और ईको मशीन खराब, नहीं हो पा रही जरूरी जांच

# जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल बेहाल

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जिला चिकित्सालय का इन दिनों हाल बेहाल हो गया है। अस्पताल में कई मशीनें खराब हो गई है। सिटी स्कैन मशीन माह भर से खराब पड़ी है। वहीं ईको मशीन ने भी जवाब दे दिया है। ऐसे में ये जरूरी जांच ही नहीं हो पा रही है। एक्सरे फिल्म के अभाव में मरीजों को कम्प्यूटर स्क्रीन से फोटो खीचकर रिपोर्ट दी जा रही है।

जांजगीर में संचालित बैरिस्टर ठा. छेदीलाल जिला चिकित्सालय जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। जिले भर से प्रतिदिन यहां बडी तादाद में मरीज पहुंचते है। सामान्य बीमारी के अलावा गंभीर समस्या और दुर्घटना के केस भी जिला अस्पताल में आते है। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाएं पिछले कुछ दिनों से चरमरा गई है। सिटी स्कैन मशीन माह भर से खराब पडी है। इस मशीन के माध्यम से गंभीर मामलों की जांच होती है। जिसके आधार पर डॉक्टर अपना उपचार करते है। मशीन खराब होने के कारण जिला अस्पताल में मरीजों का सिटी स्कैन नही हो पा रहा है। इधर एक्सरे को लेकर भी समस्या बनी हुई है। दुर्घटना व अन्य मामलों में जांच के लिए एक्सरे की मदद ली जाती है। एक्सरे कराने जब मरीज पहुंचते है तो उनका स्कैन तो किया जाता है, लेकिन अस्पताल में एक्सरे फिल्म नहीं है। ऐसे में कम्प्यूटर स्क्रीन से ही मोबाइल पर



एक्सरे फिल्म के अभाव में कम्प्यूटर स्क्रीन से मोबाइल पर फोटो खीचकर दिया जा रहा मरीजों को

फोटो खीचकर मरीज और परिजनों को दिया जा रहा है। इधर हार्ट से संबंधित जांच के लिए उपयोग की जाने वाली ईको मशीन में भी खराबी आ गई है। ईको मशीन खराब होने के कारण हार्ट से संबंधित जांच नहीं हो पा रही है। जिला अस्पताल में जरूरी जांच की मशीनों में आई खराबी के कारण मरीज परेशान हो रहे है। मजबूरन लोगों को अधिक पैसे खर्चकर निजी लैब या अस्पतालों में जाकर जांच कराने की मजबूरी हो गई है। जिला अस्पताल में लगातार नए नए निर्माण कार्य के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे है। वहीं दूसरी ओर जरूरी सुविधाओं के लिए मरीजों को हलाकान होना पड़ रहा है। साल भर में ही अस्पताल में नई ओपीडी और दवाखाना जैसे कई निर्माण कार्यो के लिए लाखों खर्च हुए है, लेकिन जरूरी दवाओं और खराब पड़ी मशीनों को दुरूस्त कराने के लिए फंड की कमी बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सिटी स्कैन मशीन को सुधारने में करीब 10 लाख रुपए का खर्च लगेगा। इसी तरह अन्य मशीनों को दुरूस्त करने में भी खर्च आने की बात कही जा रही है। स्थिति यह है कि सिटी स्कैन और ईको टेस्ट की नौबत आने पर मरीजों को रेफर किया जा रहा है। ऐसे में मरीज और उनके परिजन हलाकान हो रहे है। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल को पहले 100 बेड का बनाया गया था, इसके बाद इसे विस्तारित कर 170 बिस्तर का कर दिया गया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम पर लगातार काम किए जा रहे है। अस्पताल में साज सजावट, ओपीडी काउंटर, दवा वितरण कक्ष, ओपन हॉल समेत अन्य कई तरह के निर्माण कार्य साल भर के भीतर किए जा चुके है। इन कार्यो में लाखों का खर्च किया जा चुका है। अब जरूरी मशीनों में आई खराबी को दुरूस्त करने को लेकर पैसे की कमी का हवाला दिया जा रहा है।

#### बनाई जाएगी व्यवस्था

जिला अस्पताल में एक्स-रे और सिटी स्कैन मशीन खराब होने को लेकर जानकारी संबंधितों से ली जा रही है। जानकारी लेकर इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी।

-एस.एस कुजूर,
सिविल सर्जन
जिला अस्पताल जांजगीर

# विद्युत बकायादारों पर कार्रवाई, काटे गए 118 उपभोक्ताओं के कनेक्शन

### जांजगीर, चांपा, अकलतरा में चलाया जा रहा अभियान

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विद्युत विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बिजली बकायादारों पर कार्रवाई को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 118 विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए है। जिनसे 56 लाख 66 हजार रुपए की बिजली बिल वसूल की जानी है। बकायादारों पर कार्रवाई को लेकर 19 टीमों का गठन किया गया है।

गौरतलब है कि बिजली विभाग के द्वारा बिजली बिल वसूली को लेकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार 23 फरवरी को विद्युत विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर, चांपा व अकलतरा संभाग में कार्रवाई करते हुए 118 विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन विच्छेद किए गए है। इन उपभोक्ताओं पर 56 लाख 66 हजार रुपए का बिजली बिल बकाया है। इसके अलावा विभाग की टीम द्वारा 153 विद्युत उपभोक्ताओं से 29 लाख 50 हजार रुपए की वसूली की गई है। कई उपभोक्ता अपने घरों में बडे पैमाने पर बिजली का उपयोग तो करते है, लेकिन बिजली का बिल जमा करने को लेकर ध्यान नहीं देते है। जिसके कारण



विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करने पहुंचा अमला

विभाग की टीम द्वारा बकायादारों के घरों तक पहुंचकर उनके बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि बिजली बिल बकायादारों पर कार्रवाई को लेकर संयुक्त टीम बनाई गई है।

### स्मार्ट मीटर पखवाडा के तहत लिए जा रहे फीडबैक फार्म

**अकलतरा।** उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 9 फरवरी से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। अकलतरा विद्युत संभाग क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वितरण केंद्रों एवं ग्रामों में कैंप लगाकर जीनस कंपनी एवं विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयास से उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर संबंधी जानकारी दी जा रही है। केरा वितरण केंद्र में सोमवार 23 फरवरी को स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, मानवीय त्रुटि रहित सटीक बिलिंग प्रणाली तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम बिजली खपत की निगरानी जैसी आधुनिक सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की शंकाओं एवं तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट मीटर संबंधी कुल 10 फीडबैक फॉर्म भी प्राप्त हुए। कनिष्ठ यंत्री मनोज कुमार सोनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर को उपभोक्ता के मोबाइल नंबर से सीधे लिंक किया जा सकता है तथा "मोर बिजली" ऐप के माध्यम से तात्कालिक रीडिंग, दैनिक खपत और असामान्य बिजली उपयोग की जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री मनोज कुमार सोनी, चंद्रप्रकाश, विद्युत विभाग के कर्मचारी, जीनस कंपनी के प्रतिनिधि मनीष ताड्रे सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## बाराद्वार में चल रहे अमृत मिशन की धीमी गति को लेकर सदस्यों ने जताई नाराजगी



बैठक में चर्चा करते रेलवे बोर्ड के अधिकारी एवं समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार


सक्ती में बाराद्वार रेलवे स्टेशन में विभिन्न समस्याओं को लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने अधिकारी को अवगत कराया। साथ ही बगैर मापदंड के रेलवे साइंडिंग का संचालन को लेकर आपत्ति दर्ज कराई।

सक्ती रेलवे स्टेशन में लिफ्ट लगाने टेमर ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में सोटी अंडर ब्रिज के निर्माण के संबंध में सक्ती एवं नया बाराद्वार रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म एक को बाहर बनाए जाने बाराद्वार रेलवे स्टेशन लिफ्ट लगाने बाराद्वार में चल रहे अमृत मिशन के धीमे कार्य के संबंध में रेलवे अधिकारियों को अवगत कराया। बाराद्वार रेलवे स्टेशन के लगकर रेलवे साइडिंग में अधूरे काम के बीच में रेलवे साइडिंग का संचालन बिना मापदंड के पालन किए बिना किया जा रहा जिसके संबंध में कड़ी आपत्ति दर्ज कराएगी। बिना पानी छिड़काव किए एवं बिना स्प्रिंकल के रेलवे साइडिंग का संचालन को बंद कर कार्य पूरा कर संचालन करने संबंध में बोला गया इसके अलावा बाराद्वार रेलवे स्टेशन में लम्बे समय से साउथ बिहार एक्सप्रेस एवं हीराकुंड एक्सप्रेस के ठहराव के संबंध में अधिकारियों का ध्यान दिलवाया गया। गोंडवाना एक्सप्रेस को रायगढ़ से बिलासपुर अप डाउन लोकल चलाए जाने की मांग की गई। बाराद्वार में वर्तमान में बनी हुई सीढ़ी जिसमें अगर किसी बुजुर्ग एवं मरीजों को जाने योग्य नहीं है। इसके अलावा यात्री कोच डिस्प्ले तत्काल चालू करने के अलावा चांपा, नैला और अकलतरा रेलवे स्टेशन के विषयों पर गंभीरता से अपनी बात रखी।

### प्रदेश सरकार की बजट से शिक्षकों में जगी उम्मीद

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन, जिला सक्ती ने विधानसभा के बजट सत्र से बड़ी उम्मीद जताई है। फेडरेशन का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों के अनुरूप सहायक शिक्षकों की वेतन संबंधी अंतर को समाप्त करते हुए क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करेगी। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राठौर के नेतृत्व में प्रदेशभर में विधायकों एवं सांसदों को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण का आग्रह किया गया है। संगठन का कहना है कि यह विषय लंबे समय से लंबित है और शिक्षकों को सरकार से सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा है।मांगों के समर्थन में 17 जनवरी 2026 को प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

## बौर से लदा आम का पेड़...



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खोखरा में सड़क किनारे लगा आम का पेड़ बौर से लद चुका है। बौराया आम का पेड़ किसी गुलदस्ते की तरह नजर आ रहा है, जो राहगीरों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### चांपा में सट्टा खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, 6570 रुपये नगद जब्त

**जांजगीर-चांपा।** सट्टा खिलाने वाले आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6570 रुपये नगद और सट्टा-पट्टी से संबंधित सामग्री जब्त की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि शनि मंदिर रोड स्थित एक खुले स्थान पर किशोर धकाते द्वारा कागज-पेन के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखकर लोगों से रुपये-पैसे का दांव लगवा रहा है। सूचना के आधार पर चांपा पुलिस ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी की। पूछताछ में उसने अपना नाम किशोर धकाते 36 वर्ष, पिता हीराराम धकाते, निवासी बरछापारा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा-पट्टी का कागज और 6570 रुपये नगद बरामद किए गए।

## हत्या की नीयत से प्राणघातक हमला, तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** हत्या करने की नीयत से एक राय होकर प्राणघातक हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल की है।

रविवार 22 फरवरी को प्रार्थी राकेश केवट बनाहिल थाना मुलमुला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम बनाहिल में इसके दोस्त विकास केंवट के बहन की शादी कार्यक्रम के चुलमाटी में डीजे बज रहा था। डीजे बंद कराने के लिए दिलीप केवट रांपा लेकर गाली देते हुए आया तब प्रार्थी राकेश केवट द्वारा गाली देने से मना किया। इस पर दिलीप केंवट द्वारा राकेश पर हमला कर दिया। हत्या करने के नियत से प्रार्थी के सीर में रांपा से मारा जिससे प्रार्थी जमीन पर गिर गया। दिलीप केंवट पिता श्याम लाल, दुर्गेश केंवट पिता श्याम लाल, साहिल केंवट पिता अनुज निवासी बनाहिल थाना मुलमुला को तत्काल पकड़ा गया। पुलिस ने 23 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## मुआवजे के बिना नहीं हटेगा ट्रक ग्रामीणों में बढ़ता जा रहा विरोध



सड़क किनारे खड़ी ट्रक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

बस स्टैंड हसौद में 17-18 फरवरी की दरमियानी रात हुए भीषण सड़क हादसे के पांच दिन बाद भी दुर्घटनाग्रस्त ट्रक घटनास्थल पर ही खड़ा है। वाहन मालिक अब तक सामने नहीं आया है जबकि ट्रक चालक और हेल्पर वाहन छोड़कर फरार हो चुके हैं। इधर पीड़ित दुकान संचालक समेत स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक उचित क्षतिपूर्ति नहीं दी जाती तब तक ट्रक को घटनास्थल से हटाने नहीं दिया जाएगा। 18 फरवरी की देर रात करीब 2 बजे हसौद से बिर्रा की ओर जा रही तार बंडल से लदी ओवरलोड ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजी 6655 अनियंत्रित होकर पहले सड़क के डिवाइडर से टकराई फिर दो दुकानों को क्षतिग्रस्त करती हुई हेमंत श्रीवास की अंबिका डेली नीड्स जनरल स्टोर में जा घुसी। हादसे में दुकान का शटर, दीवार और अंदर रखा कीमती सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार हेमंत श्रीवास को 5 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित दुकान संचालक ने ट्रक ड्राइवर और हेल्पर की जान बचाकर एक और जहां मानवता दिखाई तो वहीं दूसरी ओर लापरवाह ड्राइवर और हेल्पर 20 तारीख शुक्रवार की रात ट्रक छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गए हैं। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

### कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंप कर की कार्रवाई की मांग

# आरटीआई का दुरूपयोग करने वालों के खिलाफ सरपंच और सचिव लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चंपा

पंचायत सचिव और सरपंच इन दिनों आर टी आई एक्टिवस्ट के नाम पर उगाही करने वालों से परेशान है। परेशान सरपंच और पंचायत सचिवों ने कलेक्टर और एस पी कार्यालय पहुंच कर अपनी परेशानी से अवगत कराया। आर टी आई लगा कर सचिव और सरपंचो से बड़ी राशि माँगने वालों की नामजद शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

जिला सचिव संघ और सरपंच संघ ने सोमवार 23 फरवरी को जिला मुख्यालय पहुंच कर कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ को अपनी परेशानी से अवगत कराया।सूचना के अधिकार का दुरूपयोग कर अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। सरपंच और सचिवों



एसपी कार्यालय में एडीशनल एसपी को आवेदन सौंपते सरपंच व सचिव।

का आरोप है कि कुछ लोग साल भर मे एक-एक ग्राम पंचायत मे कई दर्जन सूचना का अधिकार के आवेदन लगाकर जानकारी मांगते है, और जवाब लेने के बजाए राज्य सूचना अधिकारी तक अपील करते है। जिले के कुछ लोगों समेत खरसिया, रायगढ़ और बलौदाबाजार के कई लोगों के विरुद्ध सूचना का अधिकार आवेदन लगाकर अवैध वसूली और भयादोहन करने संबंधी लिखित शिकायत की गई है।कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के अलावा मुख्यमंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, राज्य सूचना आयोग, पुलिस महानिरीक्षक, संभाग आयुक्त के नाम भी सरपंच संघ एवं सचिव संघ ने ज्ञापन सौंपा है। अपने लिखित आवेदन में उन्होंने स्पष्ट किया है कि आरटीआई का दुरुपयोग करते हुए ब्लैकमेल कर भयादोहन करने वालों पर अगर कार्यवाही नहीं की जाती है तो उनके संगठन द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में एसडीशनल एसपी उमेश कश्यप का कहना है कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद पंचायत करतला के अधिकांश कर्मचारी नही रहते हैं मुख्यालय में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

अलग खबर

करतला विकासखण्ड में अधिकतर विभागों के अधिकारियों की मनमानी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अक्सर अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही करते नजर आते हैं। मामला है जनपद पंचायत करतला का जहां अधिकांश कर्मचारी अपने मुख्यालय में निवास नहीं करते हैं और बाहर से ही ड्यूटी आना जाना करते हैं जबकि कर्मचारियों के लिए सरकारी आवास की व्यवस्था करतला में है उसके बावजूद अधिकांश कर्मचारी बाहर से ही आना जाना करते हैं। मुख्यालय में निवास नहीं करने व लेट से डयूटी आने के कारण जनपद क्षेत्र के बहुत सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। राज्य की महत्वपूर्ण क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत होता हैं जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन जनपद पंचायत के माध्यम से किया जाता हैं। अनेक योजनायें जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जन्म-मृत्यु संबंधित जानकारी, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय संबंधित जानकारी, मनरेगा संबंधित जानकारी, श्रद्धांजलि योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राशन कार्ड की जानकारी आदि कार्य संचालित होते हैं लेकिन जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निष्क्रियता व मुख्यालय में नहीं रहने से कार्य काफी हद तक प्रभावित हो रहा है। जबकि अधिकारी कर्मचारियों को अपने मुख्यालय या मुख्यालय से 8 किलोमीटर के अंदर निवास करने का नियम हैं। मुख्यालय में निवास नहीं करने के कारण कभी भी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। करतला जनपद अंतर्गत 78 ग्राम पंचायत आते हैं जहां शासन की समस्त योजनाओं की मॉनिटरिंग व समीक्षा करने व पंचायतों में निर्माण व विकास संबंधी कार्यों को निर्धारित समय मे पुरा करवाने की जिम्मेदारी जनपद पंचायत की होती है लेकिन जब अधिकारी कर्मचारी खुद कर्तव्य के प्रति लापरवाह हो पंचायतों में कार्य समय से पूरा कहां से हो।

## मुख्यालय से 8 किलोमीटर निवास करने का है नियम

**खास बात**

- जनपद पंचायत कार्यालय से निराश होकर पड़ रहा लौटना




### मुख्यालय से नदारत रहते हैं एसडीओ

कार्यालय में पूछने पर पता चलता हैं कि अनुविभागीय अधिकारी हमेशा फिल्ड में रहते हैं पर कभी कहीं भी फिल्ड में नजर नहीं आते और ना ही उनका फोन लगता हैं जबकि पूरे क्षेत्र में मोबाइल का कवरेज रहता हैं। अनुविभागीय अधिकारी कोरबा से आना जाना करते हैं और सप्ताह में सिर्फ एक दिन महज कुछ घंटे कार्यालय में बैठकर रवाना हो जाते हैं। जिससे विभाग के कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। किसी अधिकारी के इस तरह से मनमानी तरीके से शासकीय सेवा में होते हुए मुख्यालय में निवास नहीं करना कही न कहीं शासकीय कार्य मे लापरवाही की श्रेणी में आता है।

## खबर संक्षेप



### एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा के माध्यम से प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा को सुलभ और किफायती बनाने के बजाय लगातार छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का काम कर रही है। मंडल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार नियमित परीक्षा शुल्क लगभग 460 से बढ़ाकर करीब 800 तथा आवेदन शुल्क 80 से बढ़ाकर 150 सहित कुल लगभग 22 प्रकार के शुल्कों में वृद्धि की गई है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव पड़ेगा। इस दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौबे, देवेंद्र यादव, हेमंत केवट,जिला महासचिव रवि पटेल,कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष एनएसयूआई, आकाश पटेल, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष सौरभ,सचिन, अर्जुन सिंह, सोनू, मुकुल,नरेश पटेल,रजनीश कमरों, दुर्गेश, तरुण, नवीन पटेल, गौरव कुमार ,नूतन,देवनाथ, अनिकेत, सूरज नेताम, धनंजय राठौर, खगेश, सूरज, चंद्रिका आदि एनएसयूआई के पदाधिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कला-कौशल को जिंदा रखने बंसोड़ों की कोशिश जारी



**कोरबा।** भारत के कई राज्यों को ऊर्जा आपूर्ति करने वाला कोरबा शहर, अपनी औद्योगिक चमक के पीछे कई अनछुही संस्कृति को सहेज कर रखता है। शहर के सीतामढ़ी के पास स्थित बसोर मोहल्ला, जहां बांस के छाल को बारीकी से उतार कर रोजमर्रा के उपयोगी सामान बनाते हुए बुजुर्ग कारीगरों की एक छोटी सी टोली रोज नजर आती है। सड़क किनारे छोटे-छोटे कारीगरों के समूह में बांस के सूप, टोकरी, पर्रा और विभिन्न घरेलू वस्तुएं देखते ही बनती हैं। बांस का कार्य कर रहे भैयालाल ने बताया कि बांस का काम हमारा जातिगत पेशा है पर आज बांस की कीमत बढ़ गई है। दिन भर मेहनत करने पर दो-तीन सूप बनाते हैं और उससे केवल 200 रुपये ही कमाते हैं। हमारे आज की पीढी अब इसमें रुचि नही रखते। इसी तरह गोलन बसोर ने बताया कि एक झोपड़ी के नीचे बांस के उत्पाद तैयार करते हैं, हम बुजुर्ग हो गए हैं, बच्चे मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं। यहां बांस का काम करके दो-पांच पैसा ही मिलता है नई पीढ़ी इसे सीखना नहीं चाहती इसलिए भविष्य में बांस के सूप और टोकरी कम ही दिखेगा।

### केंद्र सरकार के खिलाफ बीएमएस ने खोला मोर्चा, मनाएंगे विरोध दिवस

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा 25 फरवरी को पूरे देश में विरोध दिवस मनाया जाएगा। इस दिन बीएमएस यूनिट्स सभी जिला हेडक्वार्टर पर धरने और प्रदर्शन करेंगी ताकि केंद्र और राज्य सरकारों पर अलग-अलग सेक्टर और इंडस्ट्री के वर्कर्स की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करने के लिए दबाव डाला जा सके। जनरल सेक्रेटरी सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि बीएमएस ने सरकार के सामने निरंतर कई ज़रूरी मुद्दे उठाए हैं, लेकिन जवाब ठंडा और नाकाफी रहा

## कोयलांचल की श्रमिक राजनीति में बड़ा उलटफेर

# एटक के 75 सदस्य सामूहिक इस्तीफा देकर एचएमएस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


एचएमएस का दामन थामते हुए एटक के पदाधिकारी।

कोयला क्षेत्र की श्रमिक राजनीति में एक बड़ा बदलाव सामने आया है। एटक से जुड़े 70-75 सदस्यों और पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देकर हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस सामूहिक निर्णय में एटक दीपका के एरिया अध्यक्ष जीत सिंह, यूनिट अध्यक्ष मनमीत सिंह तथा सेफ्टी मेंबर राम नारायण राजवाड़े प्रमुख रूप से शामिल रहे। बताया जा रहा है कि इस बदलाव में एचएमएस के यूनिट जेसीसी राजकुमार राठौर की रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रगति नगर स्थित स्नेह मिलन भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एटक से जुड़े पदाधिकारियों ने कोयला मजदूर सभा के जयघोष के साथ एचएमएस का दामन थामा। कार्यक्रम में एचएमएस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं स्टीयरिंग कमेटी सदस्य रेशम लाल यादव ने तरुण राहा के साथ सभी नए सदस्यों को अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर संगठन की सदस्यता दिलाई। रेशम लाल यादव ने कहा कि एचएमएस हमेशा मजदूरों के अधिकार, सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए साथियों के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि श्रमिक समस्याओं के समाधान में एचएमएस अन्य यूनियनों से आगे रहा है। एचएमएस के महामंत्री तरुण राहा ने कहा कि मजदूरों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने संगठन की नीतियों को श्रमिक हितैषी बताते हुए सभी नए सदस्यों का स्वागत किया। वहीं एटक छोड़कर एचएमएस में शामिल हुए जीत सिंह ने कहा कि मजदूरों के व्यापक हित और उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने साथियों के साथ यह निर्णय लिया है। उनका कहना था कि एचएमएस के माध्यम से श्रमिकों की आवाज को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन वेलफेयर मेंबर एस.डी. तिवारी ने किया।

# हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान के रूप में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते विधायक एवं अन्य।

**खास बात**

- भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का आयोजन

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौर के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिवस को हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल, कोरबी सरपंच विजय सिंह धनुहार की उपस्थिति में मनाया गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान ने पूरे जिले में जन-जन को शासन की लोक-कल्याणकारी नीतियों से जोड़ने का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भिलाईबाजार मंडल के ग्राम पंचायत भलपहरी में उत्सव का माहौल रहा, जहाँ शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान किया गया। हरदीबाजार मंडल के ग्राम कोरबी में मातृशक्ति के अभिनंदन हेतु महतारी सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जहां सैकड़ों माताओं-बहनों का सम्मान किया गया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार की योजनाओं ने गरीब, किसान और मातृशक्ति के जीवन में वह वास्तविक परिवर्तन लाया है जिसका सपना अंत्योदय की अवधारणा में देखा गया था। विधायक श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जनता का अटूट विश्वास ही भाजपा की असली ताकत है और हमें अंतिम व्यक्ति तक इस सेवा भाव को पहुंचाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए इसे सेवा का महायज्ञ बताया। कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय राठौर, जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भिलाईबाजार मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज ध्रुव, अमरनाथ कौशिक महामंत्री, संजय राठौर, विनोद कंवर, छोटेलाल पटेल, रामेश्वर सोनी, यग्वेंद्र सोनी, जनक राम पटेल, राजेश पटेल, नीलकंठ, श्रवण यादव शशि साहू, हितेश साहू, विजय सिंह धुन्हार (सरपंच), ममता मौसम राठौर, शेखर चौहान, गोपाल राठौर, दिनेश वाजपेयी, मंजू ओगरे, जयंती बाई, साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सत्संग स्पर्धा में दिखा भक्ति का रंग



स्पर्धा के दौरान मंचस्थ अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अम्बेडकर भवन कटघोरा में एकल अभियान की श्री हरि कथा योजना के अंतर्गत अंचल स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराम देवांगन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हस्त करघा विकास एव विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर, अध्यक्षता अश्वनी मिश्रा एकल अभियान बीएमएस, विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ राजीव गुप्ता राष्ट्रीय स्वयं संघ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे अभियान प्रमुख किताब सिंह के द्वारा आयोजन के सम्बंध में उपस्थित सदन को अवगत कराया गया। ततपश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराम देवांगन ने बताया कि एकल अभियान द्वारा संचालित श्री हरि कथा योजना भारतीय संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास, मंच संचालन क्षमता और धार्मिक ज्ञान का विकास करती हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि सत्संग केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम है। प्रतियोगिता में विभिन्न ग्रामों एवं नगरों से आए प्रतिभागियों ने भक्ति संस्कृति और नैतिक मूल्यों से ओतप्रोत के सांथ श्री हरि कथा, भजन, प्रवचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रस्तुति की विषयवस्तु, उच्चारण, भावाभिव्यक्ति एवं मंच संचालन के आधार पर मूल्यांकन किया गया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद पवन अग्रवाल, अजय गर्ग, राजेश्वरी जात्रा, अनुराग तिवारी, गोपाल गोस्वामी, मनोज नायडू, अजय धनोंदिया, नवीन गोयल, स्नेहलता पटेल, पारस योगी, संतोष साहू, जे एस मानसर, किताब सिंह पैकरा बालको, पाली पौड़ी, गुरसिया, चैतमा, रजकम्मा, बांकीमोंगरा, दीपका, जटगा, कोरबा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रात में ट्रक से लकड़ी की हो रही थी तस्करी, वन अमले ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जंगल में सरई पेड़ों की अवैध रुप से कटाई कर उसे ट्रक में लोड कर तस्कर भाग रहे थे जैसे ही इसकी भनक वन विभाग के अधिकारियों को लगी तो वन विभाग की टीम ने तस्करों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और तस्करों का पीछा कर रही थी इस बीच तस्कर बीच रास्ते में ही अपने ट्रक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले मौका स्थल से वन विभाग के टीम ने लाखों रुपए कीमती इमारती लकड़ी की खेप व ट्रक को जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आखिर यह किसके इशारे पर लकड़ी तस्करी की जा रही थी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है वन विभाग मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

मामला कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में सामने आया है। कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत को मुखबीर से सूचना मिली थी कि राजस्व क्षेत्र में काटे गये साल लकड़ी का परिवहन ट्रक के माध्यम से किया जा रहा है। जिस पर वनमण्डलाधिकार कुमार निशांत द्वारा टीम गठित कर उप वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध रूप से साल प्रजाति के लकड़ी का परिवहन करते वाहन को पकड़ने हेतु वन परिक्षेत्र अधिकारी पसान एवं वनपाल ईश्वरदास मानिकपुरी, कौशल प्रसाद द्विवेदी वनपाल, सुरक्षा श्रमिक भीमसेन के साथ वन अमला के द्वारा घेराबंदी किया गया। रात्रि लगभग 1:40 बजे कक्ष कमांक ओ.ए. 650 में वनोपज परिवहन करते वाहन पीछा किया गया। रामपुर से धवलपुर मार्ग में कुछ दूरी पर जाकर वाहन चालक वाहन को लावारिस हालत में छोड़ कर भाग गया। वनोपज साल प्रजाति के 15 नग लट्ठा मात्रा 6.50 घनमीटर लकड़ी अनुमानित राशि लगभग 3 लाख रूपये तथा वाहन ट्रक लगभग 20 लाख अनुमानित मुल्य को जप्ती कर वन अपराध प्रकरण कायम कर वाहन कमांक एमपी 17 एचएच 3677 को वन अधिनियम 1927 की धारा 52, 55, 42 (i) (ii) एवं छ.ग. अभिवहन (वनोपज) की धारा 3, 16 के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन को परिक्षेत्र कार्यालय अन्य वाहन चालक के द्वारा लाया गया। वाहन को जप्त कर अगामी कार्रवाई की जा रही है।

**LIONS ENGLISH HR. SEC. SCHOOL, CHAMPA**
Near BDM Govt. Hospital, Champa (C.G.)
Contact No.: 9425533099,7819796804

**TEACHERS VACANCY- ACADEMIC SESSION 2026-27**

Lions English Hr. Sec. School, Champa invites applications from qualified, trained and experienced candidates for the following positions:

**Teaching Positions :**
**Kindergarten Teachers -** PRT (Primary Teachers) – English, Hindi, Maths, EVS, Computer.
**TGT (Trained Graduate Teachers) –** English, Maths, Science, Social Science, Sanskrit.
**PGT (Post Graduate Teachers) –** English, Maths, Physics, Chemistry, Biology, Account, Business studies, Economics, Hindi.
**PTI (Physical Training Instructor)** Special Educator, School Counsellor
**Eligibility Criteria :**
**Graduate / Post Graduate with B.Ed. (as per post requirement)**
Relevant professional qualification for PTI, Special Educator & Counsellor.
Minimum 2 years of teaching experience preferred.
Candidates must have studied in English medium school.
Excellent command over spoken and written English.
Strong communication and classroom management skills.
The Qualification for a computer instructor are BCA/MCA/PG Diploma in Computer Science.
**Non-Teaching Staff:**
**Office Assistant**
**Accountant –** Bachelor's degree in accounting/finance with at least 2 year's experience; accounting software proficiency required.
**Librarian –** Bachelor's degree in library, cataloguing systems required.
Attractive Salary & Performance-Based Incentives Offered
Interested candidates may send their updated resume along with a recent passport size photograph to:
**Email: [lionsschoolchampa@gmail.com]**
Or submit in person at the school office.
Candidates are invited to attend a walk-in interview on **7th March 2026 (Saturday) from 11:00 AM** onwards. Please bring all necessary documents with you.

**न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम-नया बाराद्वार, प.ह.नं-11
श्रीमती सावित्री बाई पति गोंविन्द राम निवासी नया बाराद्वार तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.).....आवेदिका **बनाम** छ.ग. शासन... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण निवासी ग्राम नया बाराद्वार प.ह.न 11 तह.-बाराद्वार को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सावित्री बाई पति गोंविन्द राम निवासी ग्राम नया बाराद्वार तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम नया बाराद्वार स्थित भूमि-स्वामी हक की भूमि ख.नं. 614/5 रकबा 0.04 एकड़ भूमि को आवासीय प्रायोजन के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 25/02/26 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.)**

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो भाई सहित तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जप्त वाहन।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में रहने वाले एक परिचित युवक की मोटरसाइकिल को दो सगे भाई सहित एक अन्य युवक ने चोरी कर ली थी और चोरी करने के बाद मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में घूम रहे थे। जैसे ही इसकी भनक पुलिस को लगी तो पुलिस ने चोरी करने वाले दोनों सगे भाई सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर की जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री नगर निवासी पंचराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 फरवरी को उसकी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। इस बीच पुलिस ने गायत्री नगर में ही रहने वाले दो सगे भाई सुरेंद्र दास उम्र 20 साल पिता कंचन दास एवं विरेंद्र दास पिता कंचन दास और उसके एक अन्य साथी सूरज यादव पिता तुलसीराम यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# बैल ने दीवार को मारी ठोकर, भर-भराकर गिरी, दबने से महिला की मौत

**कोरबा।** एक महिला के घर के कोठार के समीप चना सुखाया गया था जब बैल की नजर पड़ी तो बैल उसे खाने के लिए पहुंचा था जब महिला ने उसे भगाने की कोशिश की तो बैल ने सीधे हमला करने की कोशिश की और कोठार के दीवाल को जोरदार टक्कर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्ती थी कि कोठार की दीवार ही भर भरकर गिर गई और उसकी जद में आने से 75 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान तो वृद्ध महिला की मौत हो गई है। मामला पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अल्गीडांड़ की है यहां निवासरत लछन्न कंवर उम्र 74 वर्ष पति झंगलु सिंह के घर में एक बैल घुस आया था जहां भगाने के दौरान बैल ने कोठार की दीवार पर जोर का हमला किया जिससे हमला इतना जोर का हुआ की कोठार की कमजोर दीवाल होने की वजह से दिवाल भर भरकर गिर गई और जिसकी जद में आने से लछन्न कंवर मिट्टी के मलबे में दब गई थी।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# 'द केरल स्टोरी 2' पर भड़के अनुराग बोले- 'फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर 'सनशाइन पिक्चर्स' के सपोर्ट से बनी 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि 'द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

लाइफ Style

# सामंथा

## काम पर की वापसी

एजेंसी ⏭ मुंबई

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थी। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही है।

शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।



हॉलीवुड मसाला



# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुई केंडल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज़ देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।



# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज़ किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, "घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।"



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एंटी-टेक्नोलॉजी' नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

टीवी मसाला

# 'बींदणी' एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, 'शो में मैं 'गर्व' नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।' कुशाग्र ने बताया, 'यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।



दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

# 'ड्रैगन' के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'ड्रैगन' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रेगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन की घूम रहीं कृति!

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम

# फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई 'पुष्पा 2', झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

*__मुंबई।__ साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे*



*ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए ही मिला है।*

### सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉड्र्स नहीं मिले हैं।

### वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन 'आरआरआर' और 'केजीएफ' को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो 'आरआरआर' ने 133 करोड़ और 'केजीएफ' ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन 'पुष्पा-2' ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### कड़ारी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला आज से

**देवरी सारागांव।** ग्राम पंचायत कड़ारी में मंगलवार 24 फरवरी से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 25 फरवरी बुधवार को कबड्डी फाइनल मैच खेला जाएगा और मड़ाई मेला होगा। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 24 हजार 444 रुपये एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 16 हजार 666 रुपये एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 9 हजार 999 रुपये एवं शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 6 हजार 666 रुपये एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट ऑलराउंडर को 1500 रुपये व कप, बेस्ट डिफेंडर को 1 हजार रुपये व कप तथा बेस्ट कैचर को 1 हजार रुपये व कप दी जाएगी। कबड्डी में प्रवेश शुल्क 350 रु. रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक बने डॉ. शर्मा



**राहौद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं संगठन मंत्री पवन कुमार साय के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मारकंडे ने चिकित्सा प्रकोष्ठ की घोषणा की जिसमें भाजपा नेता डॉ. विनोद शर्मा को भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ का जांजगीर चाम्पा जिले का संयोजक नियुक्ति किया गया है।

### भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति में डॉ. अनिल शामिल



**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिक्षाविद डॉ. अनिल तिवारी को भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय से जारी सूची में उनका नाम शामिल होने के बाद जिले में खुशी का माहौल है। शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस नियुक्ति पर हर्ष जताया है। डॉ. तिवारी लंबे समय से शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों और जनहित से जुड़े विषयों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देते रहे हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में वे ज्योतिष एवं वास्तु परामर्श के क्षेत्र में भी विशेष रूप से पहचाने जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति को पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ में स्थान मिलने से नीतियों और गतिविधियों में जमीनी अनुभव का लाभ मिलेगा। जिले के कई सामाजिक संगठनों और स्थानीयजनों, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वे प्रदेश स्तर पर काम करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। डॉ. तिवारी ने कहा कि शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल के लिए वे निरंतर प्रयास करेंगे।

### चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए गए डॉ. श्याम चंद्रा



**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की जिला संयोजक - चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सक्ती संयोजक डॉ श्याम चंद्रा को बनाया गया है। वे बीसीएस गरीबों का निःशुल्क अस्पताल सक्ती के डायरेक्टर है।

## निधन

### ताराचंद चंद्रा



**तालदेवरी।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बोरसी के बड़े गौटिया ताराचंद चंद्रा का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय हसदेव नदी तट पर किया गया। वे लक्ष्मीनारायण चंद्रा और मोहन नरेश कुमार चंद्रा के पिता थे। वे अपने पीछे पत्नी, बेटे-बहू, बेटियों सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भाजपा का जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना व चुनौतियों के लिए तैयार करना : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

भाजपा जिला कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत भाजपा का ध्वज फहराकर पितृपुरुषो के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर वन्देमातरम व वर्ग गीत के साथ हुई।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में महाअभियान के संभाग प्रभारी अवधेश जैन, संगठन के संभाग प्रभारी रामू रोहरा, सांसद कमलेश जांगड़े, जिला प्रभारी रामदेव कुमावत, जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, प्रशांत सिंह ठाकुर, गुलाब चंदेल, कमला पाटले, संतोष लहरे, चुन्नीलाल साहू, अमर सुल्तानिया, जिला महामंत्री नंद चौधरी, नंदनी रजवाड़े, रवि पांडेय उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रशिक्षण विभाग के संयोजक अवधेश जैन ने कार्यकर्ताओं के वैचारिक, सांगठनिक और नेतृत्व विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध बनाने और संगठन को आगामी कार्ययोजना के लिए सक्षम बनाने का एक प्रमुख प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण को लेकर जांजगीर जिले की अपनी एक सक्सेस स्टोरी रही है और यहां से प्रशिक्षित कार्यकर्ता प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों और नवगठित जिला प्रकोष्ठ और मोर्चा की कार्यकारिणी को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा हमेशा चुनावी तैयारियों में सक्रिय रहती है, कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और उन्हें आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 की जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठन संभाग प्रभारी रामू रोहरा ने भाजपा के नैतिक मूल्यों की चर्चा की। विकसित भारत के लक्ष्य की बात करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सिद्धांतों और विचारों से कभी समझौता नहीं किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 की जिला कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व वर्ग अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। यहां के नेतृत्व ने न अपने परिवार के लिए काम किया और न ही अपने सिद्धांतों और विचारों से कभी समझौता किया। उन्ही नैतिक मूल्यों के आधार पर वैभवशाली व गौरवशाली भारत के निर्माण में भाजपा देश को परम वैभव पर स्थापित करने के लिए काम कर रही है। श्री रोहरा ने बारी बारी उपस्थित पदाधिकारीगण एवं मंडल अध्यक्षो से बातचीत कर आगामी कार्यशाला के संबंध मे बातचीत की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि इस कार्यशाला में हम होने वाली आगे की प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारी करेंगे। उसके पश्चात मंडल में कार्यशाला आयोजित कर वहा भी भाजपा कार्यकर्ताओ के प्रशिक्षण का कार्य होगा। कार्यशाला में कुल पांच सत्र हुए जिसमे अलग अलग वक्ताओ ने अपना-अपना विषय रखा। कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उक्त कार्यशाला मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन व केंद्र व राज्य की जनकल्याण योजना की प्रदर्शनी कार्यशाला स्थल पर लगी हुई थी। उक्त कार्यशाला में नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, जिला उपाध्यक्ष रजनी साहू, धनंजय सिंह ठाकुर, पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, लक्ष्मी देवांगन, समीर शुक्ला, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, अनिल शर्मा, अर्चना देवांगन, राम खुबवानी, रमेश मोदी ,नुरेश्वरी श्रीवास, संतोषी दुबे, हृदय यादव , दूर्गा रजक, शिव अंगत बिंझवार, राजेश्वर पाटले, नरेंद्र कौशिक, आकाश सिंह, संतोषी सिंह, लखन कंवर, संतोष जब्बल, भुवनेश्वर साहू, शिव चमन ठाकुर, राजू महंत, गौरव तिवारी, राकेश रुपवानी, दिनेश दास, हितेश यादव, ध्वजाराम साहू, लोकेश शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, गोपेश तुलशयान, संतोष थवाईत, ओमप्रकाश श्रीवास, विश्वनाथ प्रताप यादव, पवन यादव, निलेश गुप्ता, विवेक सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सभी छात्र-छात्राओं का अनिवार्य रूप से कराएं बायोमैट्रिक अपडेट

- कलेक्टर ने गांव-गांव में मुनादी कर बच्चों और उनके अभिभावको को जागरूक करने दिए निर्देश

**सक्ती।** शासन के निर्देशानुसार एम. बी. यू अभियान अन्तर्गत जिले में 5 वर्ष से 16 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क किया जा रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले के सभी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का बायोमेट्रिक अपडेट निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। एम. बी. यू अभियान अन्तर्गत जिले के स्कूलों मे तथा विभिन्न शासकीय कार्यालयो जैसे सभी तहसील कार्यालय, सभी जनपद पंचायत , सभी नगर पंचायत तथा सभी एसडीएम कार्यालयों में संचालित आधार सेवा केंद्रों में विशेष आधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से बच्चों का निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेट किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को पत्र जारी कर पंचायत सचिवो और रोजगार सहायको के माध्यम से गांव-गांव में मुनादी कर सभी स्कूली छात्र छात्राओं का निर्धारित समय पर अनिवार्य निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेट कराए जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने जमीनी स्तर पर आधार अपडेट की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं शिविर की जानकारी अधिक से अधिक साझा कर सभी बच्चों का अनिवार्य निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेट कराए जाने कहा है। कलेक्टर श्री तोपनो ने स्पष्ट किया है कि 28 फरवरी तक सभी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित किया जाए।

### चिकित्सा प्रकोष्ठ के संभागीय सह प्रभारी बने डॉ सुरेश



**बहेराडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से डॉ सुरेश कुमार देवांगन को चिकित्सा प्रकोष्ठ में बिलासपुर संभाग का सह प्रभारी बनाया गया है। डॉ देवांगन इससे पहले जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक थे। अंचल में वैसे उनका पहचान समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी के नाम से जाना जाता है। चूंकि उन्होंने अब तक सैकड़ों गरीब, असहाय लोगों की मदद कर चुके हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में शासन, प्रशासन और वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह द्वारा सम्मानित भी किया गया है। डॉ सुरेश देवांगन को संभागीय सह प्रभारी बनाये जाने पर भाजपा नेता चंद्र कुमार राठौर, चूड़ामणि राठौर, सिवनी भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि गबेल, मनमोहन देवांगन, रामाधार देवांगन, दीनदयाल यादव,डॉ रामदयाल यादव, डॉ कैलाश बरेठ, डॉ भंजय गबेल,डॉ राजू यादव, डॉ लोमस यादव, डॉ रवि प्रधान, डॉ मुकेश सागर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## उड़नदस्ता टीम ने किया विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- 58 केन्द्रों में शांति पूर्वक हो रहा परीक्षा का संचालन, केन्द्राध्यक्षों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



केन्द्र में परीक्षा देते छात्र-छात्रा एवं निरीक्षण करते अधिकारी।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 20 फरवरी एवं हाईस्कूल की परीक्षा 21 फरवरी से प्रारंभ हो गई है।

जिले में परीक्षा हेतु 58 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हेतु समुचित व्यवस्था कर ली गई है। परीक्षा में नकल रोकने के लिए जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। उड़नदस्ता की टीम प्रतिदिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रही है। 21 फरवरी को कक्षा 10 वी की हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कुमुदिनी वाघ द्विवेदी एवं राकेश अग्रवाल की उड़नदस्ता टीम ने मालखरौदा विकासखंड के परीक्षा केंद्र छपोरा,नरियरा,बड़े सीपत तथा सेजस मालखरौदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। डीईओ डॉ कुमुदिनी वाघ द्विवेदी एवं सांख्यकी अधिकारी राकेश अग्रवाल द्वारा परीक्षा केंद्राध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए गए। विकासखंड सक्ती में बीईओ दिलीप कुमार पटेल एबीईओ राजकुमार पटेल,प्राचार्य सुरेश जायसवाल, अशोक राठौर,मीरा देवांगन की टीम ने शास उच्च माध्य विद्या पोरथा एवं लवसरा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिले के सभी केंद्रों में बोर्ड परीक्षा शांति पूर्वक,स्वस्थ्य वातावरण में संचालित हो रही है। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार का नकल प्रकरण का केस नहीं बना है।

### पशु चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मनहर को मिली मानद डॉक्टरेट उपाधि



**बिर्रा।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय, बालाघाट (मध्यप्रदेश) के तत्वावधान में 22 फरवरी को आयोजित 24वें राष्ट्रीय साहित्य एवं पुरातत्व महाअनुष्ठान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरानी निवासी विजय कुमार मनहर को पशु चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं नवाचारपूर्ण योगदान के लिए "वाचस्पति" की मानद उपाधि (डॉक्टरेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री मनहर वर्तमान में पशुधन विकास विभाग, जांजगीर में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और ग्रामीण अंचलों में पशुपालकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। श्री मनहर को पूर्व में भी कई प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। विभागीय सेवाओं के अतिरिक्त वे सामाजिक सरोकारों से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इस सम्मान पर पशुधन विकास विभाग, अजाक्स संघ, अधिकारी-कर्मचारी संघ, सतनामी समाज एवं जांजगीर-चांपा नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## उत्कृष्ट शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में चंद्रप्रकाश एवं रविंद्र को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**सक्ती।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट मध्यप्रदेश के द्वारा 22 फरवरी को बालाघाट में आयोजित 24 वां अलंकरण कार्यक्रम में चंद्र प्रकाश तिवारी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कुरदा विकास खण्ड सक्ती को उत्कृष्ट शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में वाचस्पति (डॉक्टरेट) की मानद उपाधि तथा रविंद्र नाथ मिश्रा शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवापारा खुर्द को उत्कृष्ट शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इनको डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्रीमती कुमुदनी द्विवेदी , विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सक्ती दिलीप पटेल, भोलाशंकर तिवारी , दिग्विजय शुक्ला, उत्तम मिश्रा, निरंजन तिवारी , रविंद्र द्विवेदी, कार्तिकेश्वर तिवारी, हरि पटेल,सुरेश जायसवाल, परस राम निषाद , अर्जुन खूंटे,चंद्रभान कश्यप, सरिता मनहर, भोग सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी,अनीश जायसवाल, मोहन राठिया, सूरज राजपूत, राजीव गुप्ता , अजय शाह, भास्करन नायर , नवभारत ब्यूरो चीफ सुमित शर्मा, टी पी उपाध्याय, विनोद पांडेय, शैल पाण्डेय, पवन शर्मा, विक्की तिवारी , चेतन दुबे, बृजेश शर्मा, नवीन शर्मा,चरन सिंह , वेद प्रकाश जायसवाल, चुंबक श्रीवास, रमेश कंवर, सुरेश पटेल सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की हैं।

## नारी ही समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : स्वाति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- आध्यात्मिक चेतना और नारी सशक्तिकरण विषयक पर कार्यक्रम किया गया आयोजित




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की बहने।

नगर के वार्ड क्रमांक-10 स्थित प्रजापिता ब्रह्मा ईश्वरीय विश्वविद्यालय श्रीराम चौक सेवा केंद्र में शिव जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आध्यात्मिक चेतना और नारी सशक्तिकरण विषयक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिव के आध्यात्मिक संदेश के साथ नारी की गरिमा, भूमिका और सशक्त योगदान पर सारगर्भित विचार रखे गए। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने संस्था द्वारा किए जा रहे नैतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए विशेष रूप से व्यसन मुक्ति अभियान को युवाओं और परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मुख्य वक्ता बीके स्वाति दीदी ने "संस्कृति का आधार नारी" विषय पर उद्बोधन देते हुए कहा कि नारी ही समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है तथा राजयोग के माध्यम से वह आत्मिक सशक्तिकरण प्राप्त कर सकती है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को सरल शब्दों में समझाया। विशिष्ट अतिथि पार्षद माधुरी पालीवाल ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सेवा केंद्र संचालिका बीके भुवनेश्वरी दीदी ने आभार व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन बीके ममता दीदी ने किया। कार्यक्रम में रामाधार भाई, रामकुमार, राजेश, मनोज अग्रवाल, राकेश रोहरा, शुभम, केशव, राहुल, सूरज, सोनू भाई सहित देवकी, रामेश्वरी, गिरजा, कमला, सकुंतला, चंचल सब्बरवाल, बिना लेखमानिया, शांति भारते, नीलम, रानी, कीर्ति, ज्योति, हेमा दीदी, शोभा, पूजा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी ने आत्मिक आनंद के साथ ब्रह्माभोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम की आकर्षक झांकी में भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और रानी लक्ष्मीबाई की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

## लीनेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन, दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- सत्रारम्भ बैठक में सेवा कार्यों का लिया संकल्प




उपस्थित लीनेस क्लब की पदाधिकारी।

विगत दिनों लीनेस क्लब चांपा की सत्रारम्भ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लीनेस कल्याणी केशरवानी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में संगठन की वर्षभर की गतिविधियों, सेवा कार्यों तथा वित्तीय लेखा-जोखा को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करते हुए सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की।

इस अवसर पर क्लब की नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। नव नियुक्त सदस्यों को पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस संगीता अग्रवाल द्वारा पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर लीनेस कल्याणी केशरवानी, उपाध्यक्ष लीनेस ममता अग्रवाल एवं लीनेस कुमुदिनी द्विवेदी, सचिव लीनेस डॉ. इंदु साधवानी, सह-सचिव लीनेस निर्मला अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लीनेस वीणा साहू, सह-कोषाध्यक्ष लीनेस संजू अग्रवाल टेमर लीनेस संगीता तिवारी, टेल ट्विस्टर लीनेस ललिता देवांगन तथा पीआरओ धनेश्वरी जागृति को मनोनीत किया गया। संचालक मंडल में लीनेस संगीता अग्रवाल, लीनेस शरद बिल्थरे, लीनेस गीत मोदी को सम्मिलित किया गया। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस डॉ. शरद बिरथरे की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में लीनेस क्लब की भूमिका, महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में क्लब के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लीनेस संगीता अग्रवाल भी उपस्थित रही। इस दौरान क्लब की आगामी योजनाओं, सामाजिक महत्व के विषयों पर सक्रिय सहभागिता, महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा प्राणीमात्र के हित में किए जाने वाले सेवा कार्यों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में लीनेस डॉ शरद बिल्थरे, गीता मोदी, संगीता अग्रवाल, कल्याणी केशरवानी, ललिता देवांगन, संजू अग्रवाल, ममता अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, वीणा साहू एवं लीनेस डॉ इंदु साधवानी उपस्थित रहीं।

